ई–मेल–**prrajbhavan@gmail.com**
मो॰–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्य के विकास में उद्यमियों को भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए–राज्यपाल

पटना, 28 जुलाई 2018

''राज्य के विकास में उद्यमियों को भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए तथा सामाजिक सरोकार के कार्यों में भी योगदान देना चाहिए।'' उक्त उद्‌गार, महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने स्थानीय होटल मौर्या के सभागार में दैनिक जागरण समूह एवं आई–नेक्स्ट द्वारा प्रकाशित कॉफी–टेबुल–बुक – 'Pride & Pursuit' को लोकार्पित करते हुए व्यक्त किये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि असफलताओं के कारण घबराना नहीं चाहिए। असफलताओं में ही सफलता के लिए संघर्ष का जज्बा छिपा रहता है। उन्होंने कहा कि असफलताओं के रास्ते से निकलकर आगे बढ़ते रहने पर ही अंततः एक दिन सफलता की मंजिल मिल जाती है। राज्यपाल ने उद्यमियों का आह्वान करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए किए जानेवाले कार्यों में भरपूर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजगार की तलाश में घूम रहे युवाओं के लिए भी उद्यमियों को अपने संस्थान में बहुमुखी योजनाएँ कार्यान्वित करनी चाहिए।

राज्यपाल श्री मलिक ने कहा कि 'बाबरनामा' में भी कतिपय नकारात्मक टिप्पणियों के बावजूद यह स्वीकार किया गया है कि भारतीयों में हूनरमंदी खूब होती है। उसमें हिन्दुस्तानियों की कारीगरी की सराहना की गई है। राज्यपाल ने मेरठ शहर का उदाहरण देते हुए कहा कि यहाँ कभी कैंची बनाने का काम बड़े बेहतर रूप में होता था। आज छोटे गैस सिलेण्डर यहाँ के स्थानीय कारीगर बनाते हैं। इसी तरह अन्य छोटे–छोटे शहरों की भी पहचान अपने कई छोटे उद्यमियों की बदौलत ही प्रसिद्ध हो जाती है। राज्यपाल ने उद्यमियों को कारीगरों के कौशल–विकास हेतु सार्थक प्रयास करने का सुझाव भी दिया।

राज्यपाल ने कहा कि भगवान बुद्ध के जीवन–दर्शन के प्रचार–प्रसार के शुरूआती दौर में 'सृष्टि संघ' के छोटे व्यापारियों का भी बहुत बड़ा योगदान था, जो बुद्ध के संदेशों से काफी प्रेरित–प्रभावित हुए थे। राज्यपाल ने कार्यक्रम में सम्मानित हुए सभी उद्यमियों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता अर्जित करने के साथ–साथ, आपको सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहकर राष्ट्रीय नव–निर्माण में भी अपनी अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में दैनिक जागरण समूह के मुख्य महाप्रबंधक (बिहार–झारखंड–पं॰ बंगाल) श्री आनंद त्रिपाठी ने स्वागत–भाषण किया। कार्यक्रम में 'दैनिक जागरण' के स्थानीय सम्पादक श्री भारतीय वसंत कुमार, उप सम्पादक शर्मिष्ठा शर्मा, दीपक पाण्डेय आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर दैनिक जागरण के महाप्रबंधक (पटना) श्री एस॰एन॰ पाठक, 'आई–नेक्स्ट' के सम्पादकीय प्रधान श्री अश्विनी पाण्डेय सहित कई गणमान्यजन, प्रमुख उद्यमी आदि भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने कॉफी–टेबुल–बुक को लोकार्पित किया तथा विभिन्न प्रक्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभानेवाले कई उद्यमियों को सम्मानित भी किया।

....